Printed from
नवभारत टाइम्स
Navbharat Times - Breaking news, views. reviews, cricket from across India

सेक्टर-72 के बीच बनाए जा रहे एक्सप्रेस-वे को हरी झंडी

19 Oct 2010, 2138 hrs IST, नवभारत टाइम्स

प्रमुख संवाददाता।। ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा से न ोएडा के सेक्टर -72 के बीच बनाए जा रहे 28 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस - वे के हिस्से का निर्माण करने के लिए टेंडर हो गया है। मालूम हो कि ग्रेटर नोएडा के कासना से कुछ आगे सिरसा के पास से नोएडा के सेक्टर -72 तक 130 मीटर एक्सप्रेस - वे बनाया जा रहा है। एक्सप्रेस - वे तैयार हो जाने के बाद ग्रेटर नोएडा से नोएडा , दिल्ली , गाजियाबाद के मोहननगर , इंद्रापुरम से आने जाने वाले लोगों को एक नया रास्ता मिल जाएगा।

नोएडा पहुंचने के लिए पर्थला खंजरपुर के निकट हिंडन पर पुल बनाया गया है। करीब साढ़े 3 किलोमीटर लंबे रूट पर खोदना खुर्द गांव के पास काफी समय से रुकावट आ रही थी। इसके अलावा तिलपता गांव के पास साइट - सी इंडस्ट्रियल एरिया में अंसल ग्रुप हाउसिंग के पास दिक्कत आ रही थी। लेकिन अथॉरिटी ने यूपीएसआईडीसी व किसानों के साथ समझौता कर सभी परेशानियों को दूर कर लिया है। अफसरों के अनुसार अभी किसानों की जमीन पर फसल खड़ी है। अगले सप्ताह तक फसल कट जाएगी। चुनाव के बाद यहां काम शुरू कर दिया जाएगा।

अथॉरिटी अफसरों ने बताया कि इस एक्सप्रेस - वे की कुल लंबाई 28 किलोमीटर है। करीब 23 किलोमीटर तक का एक्सप्रेस - वे बन कर तैयार हो गया है , शेष 5 किलोमीटर पर जल्द काम शुरू हो जाएगा।

इस आर्टिकल को फेसबुक पर शेयर करें।

इस आर्टिकल को ट्वीट करें।

देश-दुनिया की खबरें विडियो में। देखने के लिए क्लिक करें।

About Us | Advertise with Us | Terms of Use | Privacy Policy | Feedback | Sitemap
Copyright © 2010 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved. For reprint rights: Times Syndication Service
This site is best viewed with Internet Explorer 6.0 or higher; Firefox 2.0 or higher at a minimum screen resolution of 1024x768